तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

2 लिथियम यूरेनियम जैसी खनिज परियोजनाओं के लिए अब जनसुनवाई की बाध्यता समाप्त



## खबर संक्षेप

### दीपका प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में 6 टीमें लेंगी हिस्सा

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम में प्रगति नगर के श्रमवीर स्टेडियम में दीपका प्रीमियर लीग (डीपीएल) नए साल में 1 जनवरी से शुरू होगी। इसी के मद्देनजर सांस्कृतिक स्नेह मिलन भवन प्रगति नगर में डीपीएल टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने ई ऑक्शन प्रक्रिया का शुभारंभ किया। दीपका प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा में 6 टीमें हिस्सा लेगी। स्पर्धा के आयोजन का यह दूसरा वर्ष है, जिसमें राठौर रॉयल, आकाश वॉरियर्स, सोनू हरिकेन्स, प्रगति लायंस, तिवरता टाइटंस व रुद्र सुपर किंग्स हिस्सा लेंगे। विजेता टीम को 1 लाख रुपए व उप विजेता टीम को 71 हजार रुपए इनाम में दिए जाएंगे।

### शहर में विभिन्न कार्यों के लिए 2.77 करोड़ मंजूर

**कोरबा।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर निगम में विभिन्न कार्यों के लिए 2 करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इसकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्रमांक 31 में आरसीसी नाली निर्माण के लिए 97 लाख आठ हजार रुपए तथा सड़क डामरीकरण के लिए 94 लाख 49 हजार रुपए मंजूर किए हैं।

## जिले में चल रहा मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य

# बच्चे खोज रहे शिक्षक, शिक्षक ढूंढ रहे मतदाता और मतदाता ढूंढ रहे माता-पिता का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मतदाता सूची गहन पुर्ननिरीक्षण का कार्य शिक्षकों से लेकर मतदाता तक के लिए सिर दर्द भरा काम होता जा रहा है। पहली बार हो रहे इस तरह के पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं को कई तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि शिक्षकों के बीएलओ बनने से स्कूल की कक्षाएं खाली हो गई हैं। बच्चे शिक्षक खोज रहे हैं और शिक्षक मतदाता को और मतदाता अपने माता पिता का नाम खोज रहे हैं। यह विचित्र स्थिति सभी जगह नजर आ रही है।

चार नवंबर से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण का काम शुरु होने चलने के बाद से स्कूलों की तस्वीर बदल गई है और साथ ही मतदाताओं के चेहरे की रंगत भी उड़ गई है। कारण इसके लिए जारी किए गए गहन तकनीकी निर्देश हैं जिसका पालन करने बीएलओ भी मतदाताओं को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। वर्ष 2003 की मतदाता सूची को मतदाताओं के सत्यापन के लिए देश में आधार बनाया गया है। 2003 की मतदाता सूची के बाद जिनका नाम मतदाता सूची में जुड़ा है उन्हें अपने पिता के दस्तावेज और मतदाता संख्या खोजना पड़ रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद बीएलओ बनकर शिक्षक मतदाताओं को खोजने में लगे हैं। ऐसे कई मतदाता हैं जो अपना स्थान छोड़कर कहीं और निवास कर रहे हैं। ऐसे मतदाता भी बीएलओ को खोजते फिर रहे हैं। अगर मतदाता मिल गए तो उन्हें मतदाता सूची में अपने माता पिता के नाम और सरल क्रमांक, भाग संख्या जैसी तकनीकी जानकारी खोजनी पड़ रही है।

### खास बातें

- प्राइमरी स्कूल के शिक्षक बने हैं बीएलओ
- राजस्व अमले के साथ शिक्षकों को देना पड़ रहा है प्रतिदिन की जानकारी



मतदाता सूची में नाम खोजते हुए।

### छःमाही दिसंबर में तो वार्षिक परीक्षा फरवरी में

शासकीय स्कूलों की छःमाही परीक्षा दिसंबर में शुरु होती है। इस परीक्षा में बैठने वाले छात्रों का कोर्स भी अधूरा पड़ा हुआ है और उसके सहारे ही उन्हें छःमाही परीक्षा दिलानी होगी और इसके ठीक दो महीने बाद 23 फरवरी से हाई व हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं शुरु हो जाएंगी और इधर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 6 फरवरी तक चलेगा। हालांकि इस कार्य में प्राथमिक शाला के शिक्षक ही बीएलओ बने हैं। ऐसी स्थिति में हाई व हायर सेकेंडरी के शिक्षक प्रभावित नहीं हुए हैं किंतु शिक्षा विभाग का अमला इस कार्य में जरुर लगा हुआ है।

### हर दिन ऑनलाइन करनी है जानकारी

सबसे बड़ी तकनीकी दिक्कत बीएलओ को उस समय आती है जब उन्हें हर दिन की जानकारी ऑनलाइन एंट्री करानी पड़ती है। शाम 6 बजे तक गली गली, मोहल्ले में घूमने वाले बीएलओ शाम को नगर निगम पहुंचकर एंट्री कराते हैं। इतना ही नहीं कुछ बीएलओ अपने घर में मतदाताओं के नाम को 2003 के मतदाता सूची में खोजते फिर रहे हैं। सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि किसी पात्र का नाम छूटने न पाये और अपात्र का नाम किसी भी सूरत में जुड़ने न पाये। इस निर्देश से बीएलओ के हाथ पैर फूले हुए हैं।

### बीएलओ के पास नहीं है नाम जोड़ने का फार्म

मतदाता पुनरीक्षण का कार्य कर रहे बीएलओ को नए मतदाता का नाम जोड़ने का फार्म नहीं मिल रहा है। बालको क्षेत्र के कई बूथ लेवल अधिकारी इस बात को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। मतदाता उनके पास अपने परिवार के नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए दबाव बना रहे हैं लेकिन बीएलओ के पास फार्म 6 नहीं होने के कारण नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का काम नहीं हो पा रहा है। हालांकि लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को नोटिस जारी हो रही है लेकिन निर्वाचन कार्यालय से बीएलओ को फार्म नहीं देने वाले जिम्मेदार लोग कार्यवाही से बचते फिर रहे हैं।

### घर की लक्ष्मी को देना पड़ रहा है माता पिता का दस्तावेज

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सबसे बड़ी परेशानी नवविवाहितों को करना पड़ रहा है उन्हें अपने ससुराल के मतदाता सूची में नाम का सत्यापन कराने के लिए अपने माता पिता के उन दस्तावेजों को देना पड़ रहा है। जिससे उनकी उस क्षेत्र में मतदाता और नागरिकता साबित हो सके। एक तरीके से यह उनके लिए किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। 2003 के बाद जितनी भी महिला की शादी हुई है उन्हें अपने माता पिता के मतदाता सूची की जानकारी जमा कराना पड़ रहा है। इस स्थिति से शायद ही कोई घर होगा जो जूझ नहीं रहा होगा।

# कुत्तों की निगरानी वाले आदेश का शिक्षक संघ ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अब शिक्षक बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ स्कूल के आसपास घूमने वाले आवारा कुत्तों पर भी नजर रखेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के सभी स्कूलों को आदेश जारी करते हुए शिक्षकों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। आदेश सामने आने के बाद शिक्षकों में नाराजगी बढ़ गई है और शालेय शिक्षक संघ ने इसे अव्यावहारिक तथा अतिरिक्त कार्यभार बढ़ाने वाला निर्णय बताया है।

जारी निर्देश के अनुसार सभी स्कूलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी यानी शिक्षक की जिम्मेदारी होगी कि वह स्कूल परिसर या उसके आसपास घूम रहे आवारा कुत्तों की सूचना ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या नगर निगम के डॉग कैचर को दें। इसके बाद स्थानीय प्रशासन की मदद से स्कूल में कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। आदेश के बाद प्रदेशभर के शिक्षकों में रोष फैल गया है। छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल ने कहा कि शिक्षकों पर पहले से ही पढ़ाई के अलावा अनेक गैर-शिक्षकीय कार्यों का बोझ है। ऐसे में कुत्तों की निगरानी का काम सौंपना बिल्कुल अव्यावहारिक है। यह जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होनी चाहिए, न कि शिक्षकों पर थोपी जाए। श्री बघेल ने कहा कि शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य शुरु कराए जा रहे हैं और जब कहीं रिजल्ट खराब होने का मामला आता है तो कार्यवाही भी शिक्षकों पर ही होती है। शासन को यह तय करना चाहिए कि शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य न कराया जाए या फिर रिजल्ट खराब होनी जैसी स्थिति में शिक्षकों को दोषी न माना जाए।

### खास बातें

- शासन ने प्रधानपाठकों को नोडल बनाने का जारी किया आदेश
- शिक्षक संघ ने कहा ऐसे में कैसे होगा सकेगी पढ़ाई

### सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नवीन महाविद्यालय पाली का शानदार प्रदर्शन

**कोरबा।** शासकीय ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। क्रीड़ा प्रभारी सुनील कुमार कंवर एवं अतिथि व्याख्याता सत्येंद्र के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने 5 विधाओं में प्रथम, 7 विधाओं में द्वितीय तथा 8 विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए कुल 20 पदक (पुरस्कार) अपने नाम किए। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पराज लाजरस सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।



## खबर संक्षेप

### वित्तीय अनियमितता का दोषी पाए जाने पर रोजगार सहायक की सेवा समाप्त का आदेश जारी

**कोरबा।** जिले के ग्राम पंचायत बेहरचुआ में फर्जी जिओ टेग के जरिए दूसरे निर्माण स्थल का टैगिंग कर और अन्य हितग्राहियों के नाम से मनरेगा की राशि आहरण कर गबन करने एवं लगभग 15 नग पक्का फर्श कोटना निर्माण ना करते हुए उसकी राशि निकालकर गबन करने के आरोप में अंततः रोजगार सहायक की सेवा समाप्त कर दी गई है। यह मामला संज्ञान में आने पर मीडिया ने लगातार प्रमुखता से इसे उजागर किया। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत बसंत के भी संज्ञान में यह मामला लाया गया। खबर और शिकायत पर जांच कराई गयी और जांच उपरांत दोषी पाए जाने पर रोजगार सहायक की सेवा समाप्त करने हेतु आदेश जारी किया गया। करतला जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायत बेहरचुआ की रोजगार सहायक द्वारा बेहरचुआ में पक्का फर्श एवं कोटना निर्माण में किये गये भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच उपरांत वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया गया। वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर धारा 27 (2) के तहत सेवा समाप्ति की कार्यवाही किये जाने का निर्देश है। अतः कलेक्टर कोरबा द्वारा दिये गये अनुमोदन अनुसार एक माह का मानदेय सहित सेवा समाप्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### केंद्रीय विद्यालय में स्काउट गाइड शिविर का किया गया आयोजन

**कोरबा।** केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी में दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन 21 एवं 22 नवंबर को आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस शिविर में प्रवेश प्रथम एवं द्वितीय सोपान के बच्चे शामिल हुए। इस शिविर का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग भावना तथा स्वावलंबन का विकास करना था। शिविर में विद्यालय के 50 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण एवं प्रतिज्ञा ग्रहण के साथ किया गया। इसके बाद स्काउट-गाइड प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न गांठें, प्राथमिक उपचार, टेंट लगाने की विधि, मानचित्र अध्ययन तथा पथ संकेतों की जानकारी दी। इसके साथ ही सत्र में समूह-गतिविधियों जैसे कैंप फायर, समूह-गीत, सामूहिक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने टीम-वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दूसरे दिन सामुदायिक सेवा गतिविधि के अंतर्गत विद्यालय परिसर की स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा जागरूकता रैली भी निकाली गई। शिविर के समापन अवसर पर श्रेष्ठ स्काउट-गाइड प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### सृष्टि महिला मंडल ने विद्यार्थियों को किया स्वेटर भेंट

**कोरबा।** सामुदायिक सहभागिता से शाला विकास कार्यक्रम व सतत नवाचारों से शासकीय हाई स्कूल माशा प्राशा बिंझरा विजयनगर अपनी पहचान बनाये रखी है। इसी परिप्रेक्ष्य में शक्तिनगर गेवरा के सृष्टि महिला मंडल समाज सेवी संस्था ने संस्था के कक्षा एक से कक्षा आठवीं तक के सभी उपस्थित विद्यार्थियों को स्वेटर भेंट किया। समिति की अध्यक्ष श्रीमती गौरी चक्रवर्ती व सचिव श्रीमती रागिनी तिवारी संग कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता बनर्जी तथा सभी सदस्यों ने सभी बच्चों को स्वेटर भेंट किया। मिडिल स्कूल विजयनगर की बालिकाओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के संग सभी अतिथियों का बेच लगाकर, तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्राचार्य श्रीमती नीलू अवस्थी ने सृष्टि महिला मंडल के समाज सेवी की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संस्था के प्रधान पाठक सर्वेश सोनी ने अपने संबोधन में समाज सेवा के लिए स्कूल, अस्पताल व गौसेवा को प्रधानता देने अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं श्रीमती वीणा पांडेय, श्रीमती संध्या रानी ठाकुर, श्रीमती मिनी मैथ्यू का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती भीमेश्वरी राठौर, श्रीमती पुष्पलता महेश, श्रीमती लीली ग्रेस कुजूर, डा०अनिता पटेल, श्रीमती अलका सोनी, श्रीमती सरस्वती कश्यप की गरिमा मय उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कर्मचारी गणों हरिराम पटेल, नकुल यादव, श्रीमती आनंद यादव, श्रीमती ज्योति यादव, श्रीमती सरिता, श्रीमती सूरज ने सहयोग प्रदान किया।

### हरदीबाजार कालेज ने भी किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरदीबाजार।** परिक्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स पुरुष/ महिला प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पी जी कॉलेज कोरबा के खेल मैदान में दिनांक 20 एवं 21 नवंबर को आयोजित किया गया। जिसमें हरदीबाजार महाविद्यालय के अतिथि क्रीड़ा अधिकारी सुमित सिंह एवं डॉ आशा आजाद के नेतृत्व में महाविद्यालय के पुरुष खिलाड़ी अमित नेटी ने गोला फेंक और तार गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा महिला खिलाड़ी इंदु ने 100 मीटर की बाघा दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयनित होकर महाविद्यालय हरदीबाजार का नाम रोशन किया। छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव एवं क्रीड़ा प्रभारी डॉ के के दुबे ने बधाई दी।

## नए पर्यावरण नियमों में दुर्लभ खनन परियोजनाओं को जनसुनवाई से दी गई छूट

# लिथियम यूरेनियम जैसी खनिज परियोजनाओं के लिए अब जनसुनवाई की बाध्यता समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक जरूरतों का हवाला देते हुए सरकार ने यूरेनियम, लिथियम सहित कई महत्त्वपूर्ण खनिजों की खनन परियोजनाओं को जनसुनवाई से छूट दे दी है। अब परमाणु खनिज जैसे यूरेनियम, थोरियम महत्त्वपूर्ण खनिज और रणनीतिक खनिज जैसे दुर्लभ पृथ्वी तत्व की नई खनन परियोजनाएं शुरू होंगी तो उनके लिए आम जनता से राय लेने या जनसुनवाई करने की जरूरत नहीं होगी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कहा है कि यह परियोजनाएं राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा जरूरतों तथा रणनीतिक विचारों से जुड़ी हैं।

उल्लेखनीय है कि 8 सितंबर को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अपने नए ओएम में यह बात कही है। ओएम में कहा गया मंत्रालय ने पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) वर्ष 2006 के प्रावधानों के अनुसार और राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा की आवश्यकता तथा रणनीतिक विचारों को देखते हुए निर्णय



लिया है कि खनिज एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम की पहली अनुसूची के भाग बी में अधिसूचित परमाणु खनिजों और भाग डी में अधिसूचित महत्त्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों से जुड़ी सभी खनन परियोजनाओं को जनसुनवाई से छूट दी जाती है। खनिज एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम में पहली अनुसूची के तहत परमाणु खनिज और महत्त्वपूर्ण व रणनीतिक खनिजों की नई परिभाषा तय की गई है। भाग बी में यूरेनियम और थोरियम युक्त खनिज जैसे मोनाजाइट, पिचब्लेंड, रेर अर्थ वाले खनिज, फॉस्फोराइट, बीच सैंड से मिलने वाले इल्मेनाइट, रूटाइल, जिरकॉन और सिलिमेनाइट को रखा गया है। वहीं भाग डी में 24 महत्त्वपूर्ण खनिज शामिल किए गए हैं, जिनमें लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, गैलियम, इंडियम, मोलिब्डेनम, नियोबियम, रेयर अर्थ (बिना यूरेनियम-थोरियम), टंग्स्टन, टैंटलम, टाइटेनियम, वैनाडियम, पोटाश, फॉस्फेट, सेलेनियम, टेल्यूरियम, रेनियम और प्लेटिनम समूह के तत्वों के साथ-साथ बेरिलियम, कैडमियम, टिन और जिरकोनियम जैसे खनिज शामिल हैं। यह संशोधन साफ करता है कि भविष्य की ऊर्जा, रक्षा और प्रौद्योगिकी जरूरतों को देखते हुए भारत इन खनिजों को रणनीतिक संसाधनों की श्रेणी में रख रहा है।

### नेट जीरो की प्रतिबद्धता पूरी करने अहम साबित होगा नियम

जनसुनवाई की छूट को लेकर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालयने यह तर्क दिया है कि 13 मार्च 2025 को एक ओएम जारी किया था, जिसके तहत सभी महत्त्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की खनन परियोजनाओं पर आउट ऑफ टर्न विचार करने की व्यवस्था की गई, ताकि इन प्रस्तावों की मंजूरी तेजी से दी जा सके। यह ओएम इसलिए जारी किया गया था क्योंकि ये महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज देश के कई क्षेत्रों की प्रगति के लिए जरूरी हैं, जिनमें हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन और रक्षा शामिल हैं। ये देश की वर्ष 2070 तक नेट जीरो की प्रतिबद्धता पूरी करने के लिए भी अहम हैं।

### क्यों है जनसुनवाई सबसे अहम

ईआईए 2006 कानून विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन के लिए बनाया गया था। यह तय करता है कि किसी परियोजना से पर्यावरण और स्थानीय समुदायों को क्या असर होगा और परियोजना शुरू करने से पहले किन शर्तों का पालन करना होगा। इस कानून के तहत बड़ी और राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाएं जैसे कोयला खदानें, बड़े उद्योग, बड़े बांध आदि को ए श्रेणी परियोजनाओं में रखा जाता है और इनकी मंजूरी केंद्र सरकार देती है। वहीं, अपेक्षाकृत छोटे आकार की परियोजनाओं को बी श्रेणी में रखा जाता है, जिनका मूल्यांकन सामान्य तौर पर राज्य स्तर पर होता है। आईआइए कानून के तहत किसी भी परियोजना को स्क्रीनिंग यानी यह तय करना कि परियोजना को ईआईए की जरूरत है या नहीं, स्कोपिंग यानी किन-किन बिंदुओं पर पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन किया जाए और जनसुनवाई स्थानीय लोगों और हितधारकों की राय जैसी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। जनसुनवाई सबसे अहम हिस्सा है, जिसमें प्रभावित क्षेत्र की जनता से राय ली जाती है और जनसुनवाई के मिनट्स (रिपोर्ट) को परियोजना प्रस्ताव में शामिल करना अनिवार्य होता है। हालांकि, राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाएं या रणनीतिक रूप से अहम परियोजनाओं को इन दायरे से बाहर रखा गया है।

## बालको निरंतर कर रहा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में बेहतर कार्य




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको द्वारा बालकोनगर में विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण, स्टेडियम पुर्ननिर्माण, जुबली पार्क (सिविक में स्थित) के सौंदर्यीकरण एवं विभिन्न विकास के कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। इसका उद्देश्य स्थानीय समुदाय को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे नागरिकों के दैनिक जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन आए। बालको समुदाय के समग्र कल्याण, स्वस्थ जीवनशैली और हरित वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा बालकोनगर में सड़कों के चौड़ीकरण और फुटपाथ निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसका उद्देश्य स्थानीय यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध कराना है। चौड़ी सड़कों से वाहनों की आवाजाही अधिक व्यवस्थित होगी। वहीं, नए फुटपाथ बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं और दैनिक आवागमन करने वालों के लिए सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित करेंगे। चौड़ी सड़कें, स्वच्छ फुटपाथ और किनारों पर हरियाली का विकास बालकोनगर को अधिक आकर्षक बनाएगा यह विकास कार्य स्थानीय नागरिकों के जीवन को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अंबेडकर स्टेडियम में चल रहा मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य बालकोनगर के खिलाड़ियों और स्थानीय समुदाय के लिए बेहद जरूरी था। स्टेडियम की संरचना, ग्राउंड कंडीशन और अन्य खेल सुविधाओं में किए जा रहे सुधारों से यह परिसर पहले से अधिक सुरक्षित, आकर्षक और उपयोगी बन जाएगा। स्टेडियम के सौंदर्यीकरण से न केवल इसका वातावरण सुधरेगा, बल्कि यह स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों के लिए एक प्रेरणादायक स्थल के रूप में विकसित होगा। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद आधुनिक स्वरूप वाला स्टेडियम बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी करने में भी सक्षम होगा, जिससे बालकोनगर की खेल संस्कृति को नई पहचान मिलेगी।

## वीर दुर्गादास की मनाई गई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला क्षत्रिय राठौर समाज कोरबा द्वारा सर्वमंगला पुल के पास राठौर तिराहा (चौक) में वीर दुर्गादास राठौर जी की 302वीं पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें याद किया और सर्वमंगला पुल के पास स्थापित वीर दुर्गादास जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। क्षत्रिय राठौर समाज के जिला अध्यक्ष संतोष राठौर ने वीर दुर्गादास के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर दुर्गादास राठौर का पूरा जीवन स्वामिभक्ति, न्याय, अदम्य इच्छा शक्ति और साहस का अदभुत संगम है। आज भी मारवाड़ की हवा में वीर दुर्गादास राठौर के तलवार की चमक दिखाई देती है। श्री राठौर ने आगे कहा कि दुर्गादास में बचपन से ही न्याय और आत्मसम्मान की लौ तीव्र थी। सचिव सतीष राठौर, उपाध्यक्ष परसराम राठौर, ओमकार राठौर, दिनेश राठौर, रामनारायण राठौर, मनीष राठौर, रामकुमार राठौर, अजय राठौर, जय राठौर, शिव राठौर, तरूण राठौर, माधव प्रसाद, जयनारायण, कमलेश राठौर, रामरतन, मनमोहन,



भुवनेश्वर राठौर एवं पवन राठौर ने भी वीर दुर्गादास राठौर के जीवनी पर प्रकाश डाला और उन्हें याद करते हुए कहा कि दुर्गादास राठौर का जीवन हमें यह समझाता है कि राष्ट्र और कर्तव्य के प्रति समर्पण किसी भी युग में सर्वोच्च मूल्य रखते हैं। भूतपूर्व फौजी रामकुमार राठौर ने कहा कि दुर्गादास राठौर केवल एक योद्धा नहीं थे बल्कि वे कर्तव्य के प्रतिक थे, स्वामिभक्ति का उदाहरण थे और इतिहास में उन दुर्लभ पुरूषों में से एक थे जिसके लिए मृत्यु भी गौरव का वरण करती है। इस अवसर पर उपस्थित क्षत्रिय राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने दुर्गादास अमर रहे के नारे लगाये और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पीडब्ल्यूडी के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी निर्माण विभागों की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय एवं डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने लोक निर्माण विभाग, सेतु, नगर निगम, आरईएस, पीएमजीएसवाई, नगरीय निकायों, सीजीएमएससी सहित अन्य निर्माण विभागों के कार्य प्रगति से अवगत होते हुए सभी निर्माण विभागो को अपने विभागीय तथा डीएमएफ से स्वीकृत निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ



अजीत वसंत।

पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर सहित सभी निर्माण विभागों के कार्यपालन अभियंता एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वीकृत निर्माण कार्यों को विशेष गंभीरता से लेने, कार्यो में कसावट लाने और समयबद्धता का ध्यान रखने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसुविधा से जुड़े किसी भी निर्माण कार्य में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही कार्यो में गुणवत्ता पर सभी विभाग विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देशित किया करते हुए कहा कि बरसात पूर्व अधूरे छोटे-छोटे निर्माण कार्यों को तत्काल पूरा किया जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। साथ ही जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्रता से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी एवं अन्य संबंधित विभागों को मेडिकल कॉलेज परिसर में लिफ्ट, प्लिंथ प्रोटेक्शन सहित चल रहे सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाने एवं शीघ्रता से पूर्ण करने निर्देशित किया। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक पैनल शिफ्टिंग के कार्य एवं वार्डो में लगने वाले एयर कंडीशनर के कार्यों को भी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि संस्थानों में इलेक्ट्रिसिटी के कार्य को पूर्ण सावधानी एवं जांच परख के साथ पूर्ण करें। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नही रहे। उन्होंने नगर निगम को परिसर में मरीजों के लिए वेटिंग हॉल, ड्रेनेज सिस्टम, रजिस्ट्रेशन काउंटर, पार्किंग आदि—कार्यों हेतु टेंडर प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर निर्माण शुरू करने की बात कही।

## न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में स्ट्रीम मोज़ेक का आयोजन

एजुकेशन प्लस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल में शनिवार को वार्षिक विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी स्ट्रीम मोज़ेक का आयोजन किया गया। बच्चों की रचनात्मकता, तकनीकी समझ और नवाचार क्षमता का रंगारंग संगम इस प्रदर्शनी में देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार गर्ग, एजीएम एनटीपीसी कोरबा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। स्कूल के छात्रों द्वारा तैयार किए गए मॉडल और कलाकृतियाँ देखकर उन्होंने उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन



विद्यार्थियों में शोध, प्रयोगशीलता और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं, जिससे उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।

प्रदर्शनी में 300 से अधिक विज्ञान प्रोजेक्ट और 200 से अधिक कला प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। विज्ञान प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स, आधुनिक तकनीक, स्वास्थ्य विज्ञान, कृषि नवाचार, जल संरक्षण और स्मार्ट विलेज जैसे विषयों पर मॉडल तैयार किए गए। वहीं कला प्रदर्शनी में पेंटिंग, स्केचिंग, हैंडीक्राफ्ट, पेपर मोज़ेक, क्ले मॉडलिंग और क्रिएटिव इंस्टॉलेशन जैसे आकर्षक कार्यों ने सभी का मन मोह लिया। प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु विशिष्ट निर्णायकगण रवींद्र दुबे, श्रीमती मालती जोशी, दीपेश कुमार, डॉ. राजकुमार राठौर, डॉ. संजय गुप्ता, सोनल अग्रवाल, कमल मजूमदार और विवेक अग्रवाल उपस्थित रहे। निर्णायकों ने छात्रों के मेंहनत और कल्पनाशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदर्शनी का स्तर अत्यंत उच्च रहा और कई प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं। स्कूल प्रबंधन की ओर से चेयरमैन किशोर कुमार साहू, डायरेक्टर दिलीप कुमार साहू, प्राचार्य डी. एस. राव, उप-प्राचार्या श्रीमती कीर्ति हैरिट तथा हेड मास्टर जगजीत सिंह भट्टी ने बच्चों को उत्साहवर्धक संदेश दिया।

## केसीसी के बीसीए एवं एमएससी के छात्रों को मिला गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रतिभागी छात्र एवं छात्राएं।

कोरबा शिक्षण समिति द्वारा संचालित एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय (केसीसी) पूर्व से ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाला महाविद्यालय रहा है। कोरबा कम्प्यूटर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में स्थान मिलता रहा है, इसी कड़ी में इस वर्ष भी महाविद्यालय के छात्रों को गोल्ड मेडल एवं प्रावीण्य सूची में बी.सी.ए. एवं एम.एससी. (कम्प्यूटर विज्ञान) में महाविद्यालय के छात्रों को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित मेरिट सूची में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने परिश्रम तथा लगन से केसीसी का नाम एक बार फिर कोरबा शहर में रोशन किया है। समिति के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षकों को बधाई दी है एवं छात्र-छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इसी तरह मेहनत कर अपने सपनों को पूरा करें। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए अंतिम मेरिट सूची में बीसीए अंतिम के श्रीराम कौशिक 81.26 प्रतिशत प्रथम , पायल गुप्ता 79.43 प्रतिशत द्वितीय एवं जानवी कालवानी ने 78.09 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया है, वहीं एम.एससी. (कम्प्यूटर विज्ञान) से नेहा श्रीवास ने 77.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवाँ स्थान प्राप्त किया है ।

## 30 नवंबर तक चलेगा देशव्यापी अभियान

# जमाअत ए इस्लामी हिंद का देशव्यापी पड़ोसियों का अधिकार मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष शफीक़ अहमद ने आदर्श पड़ोसी, आदर्श समाज के नारे के साथ पड़ोसियों के अधिकारों को लेकर दस-दिवसीय देशव्यापी मुहिम शुरू करने की घोषणा की है। यह मुहिम 21 से 30 नवंबर तक पूरे देश में चलेगी, जिसका उद्देश्य पड़ोसियों के प्रति अच्छे व्यवहार और सद्भावना की भावना को फिर से जगाना और सामुदायिक संबंधों को मज़बूत करना है।

जमाअत के अध्यक्ष ने कहा कि इस्लाम पड़ोसियों के अधिकारों को बड़ा महत्व देता है और इसे एक सामंजस्यपूर्ण समाज की आधारशिला मानता है। बल्कि




अस्थाई पड़ोसी' के रूप में निकट आए लोगों के साथ भी अच्छा व्यवहार करने का आदेश दिया गया है जिसमें सहकर्मी, सहयात्री और यहाँ तक कि सड़क पर हमारे साथ चलने वाले लोग भी शामिल हैं। इस मुहिम के ज़रिए मुसलमानों को इन अनिवार्य शिक्षाओं की याद दिलाना चाहते हैं और उन्हें अच्छे पड़ोसी बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं ताकि समाज के सामने इस्लाम का सही चेहरा पेश किया जा सके। शफ़ीक़ अहमद ने कहा कि अच्छे रिश्तों की नींव पर बना समाज अपने आप ही एक मिसाली समाज बन जाता है। जब पड़ोसी एक-दूसरे के साथ दया, क्षमा और इंसाफ़ के साथ पेश आते हैं, तो इससे उठने वाली लहर पूरे समाज को परिवर्तित कर देती है। पड़ोसियों के अधिकार मुहिम के प्रदेश संयोजक मोहम्मद वाहिद सिद्दीकी ने बताया कि यह मुहिम शहरी इलाकों में बढ़ते अकेलेपन की भावना को सम्बोधित करती है, जिसकी वजह से पड़ोसी रिश्तों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस मुहिम का मकसद आपसी हमदर्दी, सहयोग, साफ़-सफ़ाई और ट्रैफिक डिसिप्लिन को बढ़ावा देना है जिसे इस्लाम अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी मानता है। इस मुहिम में कई तरह कार्यक्रम होंगे, जैसे सभी धर्मों के पड़ोसियों के साथ मीटिंग, चाय सभाएं, महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष प्रोग्राम, मोहल्लों में सफाई मुहिम, रास्ते के अधिकारों पर जागरूकता रैलियां, और सांस्कृतिक प्रतियोग्ताएं। विभिन्न धर्मों के बीच तालमेल को मज़बूत करने और इस्लाम के बारे में गलतफहमियों को दूर करने के लिए गैर-मुस्लिम भाइयों और बहनों तक पहुंचने पर विशेष ज़ोर दिया जाएगा। इस मुहिम में अपने पड़ोसी को जानें, आस-पड़ोस में सांस्कृतिक सभाएं, और स्थानीय समितियों की योजना भी शामिल होंगा ताकि मुहिम के बाद भी लगातार विचारविमर्श और फॉलो-अप को प्रोत्साहन मिलता रहे।

### बालको टाउनशिप स्कूल का वार्षिक खेल उत्सव संपन्न

**कोरबा।** अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको में वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चन्द्रमणि यादव, रविन्द्र यादव (सचिव) मिनेश्वर पेगु (सहसचिव), महेन्द्र चन्द्रा(कोषाध्यक्ष) प्राचार्या नीलम सिंह उपस्थित रहे। सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्या नीलम सिंह ने खेल के महत्व की जानकारी दी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अतिथियों के द्वारा छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट खेल पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा एवं खेलकूद के महत्व को समझाया।

खबर संक्षेप



## जनजातीय गौरव महोत्सव में जिले की घोटमार करमा टीम चमकी, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**कोरबा।** बलिदानी वीर नारायण सिंह एवं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जनजातीय लोक कला महोत्सव में कोरबा जिले की पारंपरिक करमा कला ने एक बार फिर राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की। अंबिकापुर के कॉलेज मैदान में आयोजित करमा नृत्य प्रतियोगिता में जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम घोटमार की 'जय ठाकुर देव महिला करमा पार्टी' ने शानदार प्रस्तुति देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम को तृतीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंच पर पहुंचकर घोटमार की महिला करमा टीम को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किया। कोरकोमा स्तरीय करमा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान, राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। टीम की सफलता पर ग्राम घोटमार, जनपद पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश निर्मलकर, जनपद स्तरीय पदाधिकारी एवं ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## सात दिवसीय शिविर में 27 ने रक्तदान तो 256 ग्रामीणों ने कराई स्वास्थ्य जांच



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चैतमा ग्राम पंचायत दोडकी में एलोपैथी, आयुर्वेदिक, होमियोपैथी स्वस्थ शिविर मेला में 27 युवाओं ने रक्तदान किया है तो वहीं 256 ग्रामीणों का निःशुल्क दवाइयों के साथ प्राथमिक उपचार किया गया। शिविर में सरपंच प्रमिला पैकरा, महेश पैकरा, प्राचार्य चंद्राणी सोम, डीके आदिले, सीपी जायसवाल, वीरेंद्र कुमार बंजारे, मुरारी लाल धीवर, चंद्रमुखी साहू, प्राचार्य इशहाक, व्यख्याता विजेता चतुर्वेदी, संध्या कंवर बिंझरा, शिक्षक बारातू राम भारिया, पवन पैकरा, कीर्तन जाटवर, रजत केशरवानी एवं ब्लड बैंक कटघोरा ज्योति जायसवाल की टीम, स्वंय सेवकों युवाओं ने मिलकर सिकलसेल एनीमिया पीड़ति व्यक्तियों का जांच किया। गर्भवती महिलाओं के लिए 27 युवाओं ने रक्तदान किया। सड़क सुरक्षा के लिए सभी रक्तदाताओं को निःशुल्क हेलमेट, प्रशस्ति पत्र उपहार दिया गया। 70 से अधिक महिला, पुरुषों, विद्यार्थियों ने बीपी, शुगर, चर्मरोग, हड्डी रोग, विभिन्न रोगों का प्राथमिक उपचार निशुल्क दवाई वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ तृप्ति तिवारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विजेंद्र रस्तोगी, डॉ. लिलिमा शशि होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी आयुष स्वास्थ्य शिविर और ऑस्टियोआर्थराइटिस स्क्रीनिंग शिविर में सहयोग प्रदान किये।

## नशा मुक्त समाज की थीम पर संयुक्त शिविर का आयोजन

**कोरबा।** नशा मुक्त समाज के लिये युवा थीम पर तीन महाविद्यालय के संयुक्त शिविर ग्राम अरदा में किया जा रहा है। इसी कड़ी में चौथे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी एवं योग व्यायाम से किया गया। सार्वजानिक स्थल की साफ सफाई एवं पौधरोपण किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ विनोद कुमार साहू शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय स्वीप नोडल अधिकारी एवं अजय कुमार पटेल राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी पीजी कॉलेज उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन के वाईके तिवारी द्वारा शिवरार्थियों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन करते हुए सम्मिलित रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रेरणा गीत गाया। इस कार्यक्रम के दौरान तीनों महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी रघुराज सिंह तंवर, सुश्री सुमन ठाकुर, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर सहित शासकीय महाविद्यालय दीपका के श्रीमती हेमलता कंवर, डॉ दुर्गेश तिवारी नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा के प्राचार्य भुवनेश्वर कंवर, अशोक श्रीवास सहित अन्य उपस्थित थे।

### गेवरा, कुसमुंडा व दीपका में उत्पादन में तेजी लाकर कंपनी के कुल आउटपुट दी नई गति

# लक्ष्य तक पहुंचने एसईसीएल ने बढ़ाई रफ्तार मेगा प्रोजेक्ट दीपका में उत्पादन हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बारिश के कारण बाधित हुए कोयला उत्पादन को पटरी पर लाने के लिए एसईसीएल प्रबंधन अब एक्शन मोड पर आ गया है। तय लक्ष्य को निर्धारित समय पर हासिल करने के लिए कंपनी ने सभी खदानों में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया है। पखवाड़ा पहले तक जहां प्रतिदिन साढ़े तीन लाख से चार लाख टन तक कोयला उत्खनन हो रहा था, वहीं अब एसईसीएल ने एक बड़ा उछाल दर्ज करते हुए प्रतिदिन पांच लाख टन से अधिक उत्पादन हासिल कर लिया है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है।

जिले में स्थित एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं गेवरा, कुसमुंडा और दीपका ने उत्पादन में तेजी लाकर कंपनी के कुल आउटपुट को नई गति दी है। इनमें मेगा प्रोजेक्ट दीपका उत्पादन के मामले में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। दीपका परियोजना के महाप्रबंधक संजय कुमार मिश्रा के अनुसार यहां प्रतिदिन एक लाख टन से अधिक कोयले का निरंतर उत्खनन किया जा रहा है। बारिश के दौरान जहां उत्पादन बाधित हुआ था। वहीं अब तेजी के साथ इसे सामान्य स्तर से ऊपर लाया जा चुका है। जीएम श्री मिश्रा ने बताया कि दीपका परियोजना का लक्ष्य है कि आगामी दिनों में उत्पादन और बढ़ाकर कंपनी के कुल कोयला आउटपुट में अधिकतम योगदान दिया जाए। मेगा प्रोजेक्ट गेवरा में इस समय प्रतिदिन 1 लाख 50 हजार टन से अधिक कोयले का उत्खनन हो रहा है। वहीं कुसमुंडा प्रोजेक्ट में भी उत्पादन की रफ्तार तेज होती दिखाई दे रही है और यहां रोजाना एक लाख टन से ज्यादा उत्पादन दर्ज किया जा रहा है। तीनों मेगा परियोजनाओं की बढ़ी रफ्तार से एसईसीएल के कुल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बारिश के चलते खदानों की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। पानी भरने और मशीनरी संचालन में बाधा के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ था। लेकिन जैसे ही मौसम अनुकूल हुआ, खदानों में पंपिंग और ओवरबर्डन हटाने के कार्य तेज किए गए, जिससे उत्पादन गतिविधियां फिर से रफ्तार पकड़ सकीं। इधर, उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रबंधन स्तर पर भी लगातार समीक्षा और निगरानी की जा रही है। एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने हाल ही में कुसमुंडा व गेवरा खदानों का दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप सुरक्षित और तेज उत्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खदानों के पैच का निरीक्षण करते हुए मशीनों के अधिकतम उपयोग, टीम वर्क और सेफ्टी प्रोटोकॉल के पालन पर विशेष जोर दिया। इससे पहले निदेशक तकनीकी ने भी दौरा कर उत्पादन की प्रगति की समीक्षा की थी। उत्पादन की मौजूदा गति को देखते हुए उम्मीद है कि आने वाले सप्ताहों में एसईसीएल न केवल अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचेगा, बल्कि मेगा प्रोजेक्ट दीपका जैसे लगातार प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों के दम पर इसे पार भी कर सकता है।

## कटघोरा में पास्टर पर धार्मिक तनाव फैलाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा के वार्ड नंबर 2 तहसील भाठा क्षेत्र में धार्मिक तनाव और शोर-शराबे को लेकर एक पास्टर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मोहल्ले के लोगों के शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। वार्डवासियों का आरोप है कि स्थानीय निवासी बजरंग जायसवाल लंबे समय से धार्मिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, बजरंग जायसवाल पर धर्मांतरण का प्रयास करने और अपने घर में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने का आरोप है। लोगों का कहना है कि आपत्ति जताने पर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बजरंग जायसवाल ने कई बार हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अभद्र टिप्पणियां की हैं, जिससे स्थानीय लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि बजरंग जायसवाल के घर पर बाहरी लोगों की लगातार आवाजाही रहती है। इनमें से कुछ लोग मोहल्लेवासियों से गाली-गलौज करते हैं, जिससे तनाव का माहौल बना रहता है। यही वजह है कि इन सभी समस्याओं से परेशान होकर शनिवार को वार्ड की महिला और पुरुषों का एक समूह एसडीएम कार्यालय और कटघोरा थाना पहुंचा। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बजरंग जायसवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## जिले के सभी सरकारी दफ्तरों में आधार-आधारित बायोमेट्रिक मशीन से होगी अटेंडेंस



### पांच दिन का लागू है सप्ताह

प्रदेश में इस समय पांच दिन का सप्ताह लागू है जिसमें शुक्रवार तक ही सरकारी दफ्तर संचालित रहते हैं। शनिवार को अवकाश होने से सप्ताह में कर्मचारियों को दो दिन का अवकाश मिलता है। शनिवार अवकाश होने के कारण अधिकांश कर्मचारी शुक्रवार को शाम 4 बजे के बाद नहीं मिलते। जिससे भी कामकाज प्रभावित हो रहा है। कई बार शनिवार के अवकाश बंद होने की भी चर्चा भी सरगर्म रही है। किंतु अब तक शनिवार अवकाश बंद होने के संबंध में कोई निर्णय नहीं हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य सरकार ने प्रशासनिक पारदर्शिता और समयपालन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए मंत्रालय में आधार-आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। इसी बीच सामान्य प्रशासन विभाग ने 21 नवंबर को एक नया आदेश जारी किया है। अब प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में एईबीएएस अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि, राज्य के समस्त कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवकों की उपस्थिति के लिए आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली (एईबीएएस) प्रारंभ किया जाना है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में सभी अधीनस्थ कार्यालयों में ई-ऑफिस में ऑनबोर्डिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा चुके हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि ई-ऑफिस के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी ही आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थित प्रणाली (एईबीएएस) के नोडल अधिकारी भी होंगे। बैठक में फेसियल ऑथेंटिकेशन आधारित उपस्थिति प्रणाली और दीवार पर लगाए गए आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपकरणों का डेमो प्रस्तुत किया गया। ट्रायल के बाद 1 दिसंबर से मंत्रालय में एईबीएएस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराना सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य कर दिया जाएगा। जिले के सरकारी दफ्तरों में पूर्व से ही पंचिंग मशीन से अटेंडेंड की प्रक्रिया चल रही है। कलेक्टर के अंदर के सभी कार्यालयों के कर्मचारियों के अटेंडेंड पंचिंग मशीन से होने लगी है। इसके अलावा जिला पंचायत, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग ऐसे दफ्तरों में पंचिंग मशीन लग चुकी है। अब आधार आधारित अटेंडेंड शुरु होने के बाद कर्मचारियों में नियमित उपस्थिति को लेकर नये नियम भी लागू हो जाएंगे।

## एसआईआर के लिए कांग्रेस ने विधानसभावार नियुक्त किए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राजकिशोर प्रसाद



पुरूषोत्तम कंवर



फूलसिंह



दुलेश्वरी सिदार

प्रदेश कांग्रेस संगठन ने एसआईआर कार्यक्रम के लिए लोकसभा क्षेत्रवार प्रभारी बनाने के बाद प्रदेश के लगभग सभी विधानसभा में विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किया है। जिसमें कोरबा लोकसभा प्रभारी पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी आठों विधानसभा में बीएलए एवं कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ विधानसभावार बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए गणना प्रपत्र भरवाने में मदद करने कहा है।

प्रदेश कांग्रेस ने अब विधानसभावार प्रभारी नियुक्त कर नई जिम्मेदारी दी है और सभी प्रभारियों से कहा गया है कि एसआईआर कार्यक्रम के सुचारू संचालन हो और कोई भी पात्र मतदाता सूची में जुड़ने के लिए ना छुटे और कोई भी अपात्र का नाम ना जूड़े। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के भरतपुर सोनहत विधानसभा के लिए पूर्व विधायक गुलाब कमरो, मनेन्द्रगढ़ के लिए पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, बैकुण्ठपुर विधानसभा में पूर्व विधायक अंबिका सिंहदेव, रामपुर में विधायक फुलसिंह राठिया, कोरबा विधानसभा हेतु पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, कटघोरा विधानसभा में पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पाली तानाखार विधानसभा में श्रीमती दुलेश्वरी सिदार, और मरवाही विधानसभा के लिए प्रशांत मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए कोरबा जिला कांग्रेस कार्यालय महामंत्री सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि कोरबा विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 के प्रभारी पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद आज पूरे दिन वार्ड क्र. 15 एवं वार्ड क्र. 16 में गणना प्रपत्र भरवाने में वार्डवासियों की मदद करते देखे गये। इसी प्रकार जिले के सभी चारों विधानसभा के प्रभारी अपने- अपने प्रभार क्षेत्र में बीएलए के साथ बैठक आयोजित कर एसआईआर कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन के लिए आग्रह कर रहे हैं।

## साडा गर्ल्स स्कूल के छात्रों को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महिला सशक्तिकरण और बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विविध योजनाएँ बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित और उज्जवल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साइकिल योजना का उद्देश्य बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और उनकी शिक्षा में निरंतरता बनाए रखना है। उक्त बातें उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या साडा में शुक्रवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत 177 छात्राओं को साइकिल वितरण करने के दौरान कही। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रहीं। कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन और महापौर ने बच्चों को तिलक लगाकर मूंग मिठाई के खिलाकर साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर महापौर ने कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश की प्रत्येक बेटी आगे बढ़े, पढ़े-लिखे और समाज में अपनी अलग पहचान बनाए। उन्होंने कहा कि आप सभी बच्चियों में अपार संभावनाएँ हैं। मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आप डॉक्टर, इंजीनियर से लेकर राजनेता तक बन सकती हैं। उनका सफर इस बात का प्रमाण है कि परिश्रम और संकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष झगेंद्र देवांगन, पार्षद अजय चंद्रा, पंकज देवांगन, श्रीमती प्रेमलता बंजारे, बलराम विश्वकर्मा, पुनीराम साहू, राकेश, प्राचार्य रणधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## कलिंगा कंपनी ने कोरवा जनजाति को वितरित किए गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गर्म कपड़े वितिरत करते हुए।

कलिंगा कॉमर्शियल कारपोरेशन (केसीसी) ने अपने सीएसआर के तहत जिले की विशेष रूप से कमज़ोर कोरवा जनजातियों जिनके नाम से क्षेत्र का नाम कोरबा पड़ा के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा की है। कंपनी ने इन समुदायों को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए ठोस प्रयास करने का भरोसा दिलाया है ।

इस पहल की शुरुआत शनिवार को बालको से 15 किलोमीटर दूर ग्राम दूधीटांगर में आयोजित एक कार्यक्रम से हुई। जहां कंपनी के महाप्रबंधक विकास दुबे ने शीत ऋतु को देखते हुए कोरवा समुदायों के बीच कम्बलों का वितरण किया, कंबल वितरण के समय अनेक छोटे बच्चे जो गर्म कपड़े तो छोड़िये बिना शर्ट के उपस्थित थे। कंबल ओढ़ने के बाद उनके मुख से खुशी देखेने लायक थी। श्री दूबे अपनी टीम व छतीसगढ़ नव प्रगति मंच के सम्पूरन कुलदीप एव समिति के सदस्यों के साथ दिन भर जनजातीय के बीच रह कर उनके साथ भोजन भी किया इसमें दुधी टांगर ग्राम के साथ ही आस पास ग्रामीण इस दौरान उपस्थित रहे। कम्बल वितरण के बाद कंपनी के जीएम ने समुदाय से चर्चा करते हुए कहा कि केसीसी अपने व्यावसायिक लक्ष्यों के साथ-साथ समाज के प्रति अपने दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। हमारा उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि उस क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करना भी है, जहां हम कार्य करते हैं। जिले की कोरवा जनजाति एक विशेष रूप से संवेदनशील समूह है और हम उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे पेयजल सुविधा, विद्युतीकरण एवं कोरवा समाज को मुख्य धारा से जोड़ने पर फोकस करने का आश्वासन दिया है। केसीसी प्रबंधन ने विश्वास जताया कि इन पहलों के माध्यम से कोरवा जनजातियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा और वे सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे। इस दौरान रवि सिंह, संतोष चौहान, तारेश राठौर, सुरेंद्र कंवर, रुद्र, मयंक राठौर, सोनू नामदेव एवं ललित महिलांगे उपस्थित थे।

### वितरण कंपनी ने कई गांवों में शुरू किया लाइन विस्तार व ट्रांसफार्मर स्थापना का कार्य

# जिले में बिजली व्यवस्था सुधारने एमडी ने भेजी विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कर्मचारियों को निर्देश देते अधिकारी।

जिले में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर द्वारा एक विशेष अधिकारियों की टीम को जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के लिए भेजा गया। इस टीम ने कई ग्रामों का सघन दौरा कर वहां की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और कई महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत कराई है।

सबसे पहले ग्राम पोड़ी उपरोड़ा पहुंचकर अधिकारियों ने स्थानीय विद्युत ढांचे का विस्तार से सर्वेक्षण किया। सर्वे के आधार पर गांव को आदर्श विद्युत ग्राम बनाने की योजना तैयार की गई, जिसके अंतर्गत नए ट्रांसफार्मर, अतिरिक्त विद्युत पोल और लाइन विस्तार जैसी आवश्यकताओं को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया गया। कार्यों की शुरुआत भी वहीं पर कराई गई। इसके बाद टीम ने ग्राम आमा टिकरा में जगुआ योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। यहां कई विद्युत विहीन घरों और बस्तियों को तत्काल बिजली उपलब्ध कराने के लिए नियुक्त एजेंसी को निर्देश देते हुए कार्यों को गति दी गई। ग्राम लमना एवं आसपास के क्षेत्रों में भी चल रहे नए विद्युत कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी और निर्माण संबंधी त्रुटियों के त्वरित सुधार के लिए संबंधित एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी कार्य में देरी न हो। इसी क्रम में शहर में काफी समय से लंबित पड़े 5 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना के कार्य को भी तत्काल शुरू कराया गया, जिससे क्षेत्र में भार विभाजन बेहतर होगा और बिजली कटौती की समस्या में राहत मिलेगी। टीम ने ग्राम छुरी में निर्माणाधीन विद्युत कार्यों का भी जायजा लिया, जहां निर्माण एजेंसी को कार्य को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क. 202511051700023 /अ-6/2025-26
ग्राम मड़वाढ़ोढ़ा प.ह.नं. 46
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बसंतराम चौहान पिता स्व.भुखाउराम चौहान जाति गांडा, निवासी ग्राम अमगांव तहसील हरदीबाजार जिला-कोरबा (छ0ग0) द्वारा ग्राम मड़वाढ़ोढ़ा प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. मड़वाढ़ोढ़ा तहसील कटघोरा में स्थित ख0नं0 540/1 रकबा 0.202 हे. में से 0.50 डिसमिल भूमि खातेदार मेहर पिता धजाराम उर्फ धजवाराम जाति गांडा, निवासी अमगांव के नाम पर दर्ज है, तथा खातेदार मेहर पिता धजाराम उर्फ धजवाराम के द्वारा अपने जीवन काल में दिनांक आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा (अंतिम इच्छापत्र) दिनांक 22/01/2014 को निष्पादित किया गया है। खातेदार की मृत्यु दिनांक 24.01.2022 को जाने के पश्चात आवेदक द्वारा वसीयतनामा के आधार उक्त भूमि को आपने नाम पर फौती नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 10/12/2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेष कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थान-कटघोरा, दिनांक-21.11.2025

नायब तहसीलदार
कटघोरा



## खबर संक्षेप



### डकैती कांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र के तराईडांड गांव में 11 नवंबर की रात शत्रुघ्न दास के घर हुई डकैती कांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में इस कार्रवाई का खुलासा किया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जिनसे नकदी, हथियार और वारदात में इस्तेमाल वाहन भी बरामद किए गए थे। कुछ आरोपी लगातार फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में पुलिस की विशेष टीम प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है उनमें अक्षय कुमार पावले, विनोद कुमार सलाम और लक्ष्मी नारायण गोंड शामिल हैं। इन सभी के विरुद्ध धारा 310(2), 310(4), 61 बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आकाश बने वाणिज्यिक कर निरीक्षक

**कोरबा।** जिले के आकाश कुमार टंडन ने



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोरकोमा के प्राचार्य पी.एल. टंडन के सुपुत्र आकाश ने अपने दूसरे ही प्रयास में यह उपलब्धि प्राप्त की और वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं। उनके चयन की जानकारी मिलते ही परिवार व परिचितों में खुशी की लहर दौड़ गई। आकाश कुमार टंडन की प्रारंभिक शिक्षा बीकन इंग्लिश मीडियम स्कूल रजगामार से हुई। इसके बाद कक्षा 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई निर्मला कॉन्वेंट स्कूल, कोसाबाड़ी कोरबा में पूरी की। आगे उन्होंने पीईटी परीक्षा पास कर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, भिलाई में प्रवेश लिया और बी.ई. इलेक्ट्रिकल शाखा में उत्तीर्ण हुए। इंजीनियरिंग के बाद आकाश ने सीजीपीएससी की तैयारी बिलासपुर में शुरू की। उन्होंने बताया कि प्रथम प्रयास में वे इंटरव्यू तक पहुंचे थे लेकिन अंतिम चयन नहीं हो पाया। असफलता से सीख लेते हुए आकाश ने खुद को और अधिक अनुशासित करते हुए मेहनत जारी रखी। परिणामस्वरूप दूसरे प्रयास में न केवल इंटरव्यू क्लियर किया, बल्कि वाणिज्यिक कर निरीक्षक के पद पर सफलता प्राप्त की। आकाश मूल रूप से जांजगीर-चांपा जिले के जैजैपुर विकासखंड के ग्राम तुमीडीह के निवासी हैं।

### फसल का दाम भी बढ़ और उपार्जन केंद्र में सुविधाएं भी: टंड़ीराम

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम



अरसिया में रहने वाले किसान श्री ठंड़ीराम बिंझवार अपने परिश्रम और खेती के प्रति समर्पण से एक मिसाल बने हुए हैं। 8 एकड़ भूमि में वे मुख्य रूप से मोटा धान की खेती करते हैं। पिछले वर्ष उन्होंने 136 क्विंटल धान उपार्जन केंद्र में बेचा था, जिससे प्राप्त राशि से उनके घर-परिवार की आवश्यक जरूरतें पूरी हुईं। इस वर्ष मौसम और मेहनत दोनों के सहयोग से उन्हें 160 क्विंटल धान बेचने की उम्मीद है, जो उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। श्री ठंड़ीराम बताते हैं कि क्षेत्र में अधिकतर किसान धान की ही फसल लेते हैं और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही समर्थन मूल्य और आदान राशि से किसानों को बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है। सरकार की यह पहल न सिर्फ किसानों की आय बढ़ा रही है, बल्कि खेती को और अधिक लाभकारी भी बना रही है।उन्होंने उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की और बताया कि पीने के पानी की सुविधा, आराम व बैठने के लिए कुर्सी, छांव की समुचित व्यवस्था है। इन सुविधाओं के कारण किसानों को उपार्जन केंद्र में किसी प्रकार की समस्या नहीं होती और वे संतोषपूर्वक धान विक्रय कर सकते हैं।

### 22 साल पहले शुरू हुआ था पाली का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

# सोलर टेक्नीशियन ट्रेड शुरु करने प्रबंधन ने मांगी जमीन, दिया प्रशासन को प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोलर टेक्निशियन ट्रेड शुरु करने की तैयारी महाविद्यालय प्रबंधन ने अपने स्तर पर की है। इसके लिए जमीन का प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा गया है। जमीन मिलने के बाद इस ट्रेड को शुरु किया जाएगा।

सौर ऊर्जा के बढ़ते दौर को देखते हुए सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसरों के मद्देनजर पाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अपनी ओर से सोलर टेक्निशियन ट्रेड शुरु करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है और इसके लिए अवश्यक समझे जाने वाली जमीन के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रशासन को भेजा गया है। अगर जमीन की स्वीकृति मिल जाती है तो सोलर ट्रेड शुरु करने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले संसाधन की सुविधा कॉलेज प्रबंधन को मिल जाएगी। कॉलेज प्रबंधन के द्वारा थ्योरी क्लास के लिए और वर्कशॉप के लिए दो बड़े कमरे बनाने की योजना है और इसके लिए ही जमीन मांगी गई है। अगर पाली औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोलर ट्रेक्निशियन ट्रेड शुरु होता है तो यह जिले का पहला आईटीआई होगा। जहां से सौर ऊर्जा क्षेत्र के लिए तकनीकी रुप से दक्ष युवा निकलेंगे। पाली क्षेत्र में आईटीआई की शुरुआत आज से 22 साल पूर्व की गई थी उस समय से लेकर आज तक कॉलेज भवन के लिए एसईसीएल ने सीएसआर मद से भवन बनाकर दिया था।

**खास बात**

- 22 साल पहले तकनीकी शिक्षा के लिए पाली क्षेत्र में शुरु हुआ था आईटीआई




**सोलर ट्रेड की तैयारी**

आईटीआई कॉलेज को अपडेट किया जा रहा है डीएमएफ से राशि मिली है जिससे नया भवन बन रहा है। कॉलेज में सोलर टेक्निशियन ट्रेड चलाने की योजना है। इसके लिए जमीन की आवश्यकता है। प्रशासन को इसका प्रस्ताव भेजा गया है।

\- **आई के देवांगन,** प्राचार्य आईटीआई पाली

**डीएमएफ से मिला बड़ा सहयोग**

कलेक्टर अजीत वसंत ने पाली आईटीआई कॉलेज की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आईटीआई महाविद्यालय को खनिज न्यास मद से अधोसंरचना विकास के लिए एक बड़ी राशि दी है। इस राशि से पुरानी बल्डिंग का रंग रोगन और मरम्मत कर जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इस राशि से महाविद्यालय में साइकिल स्टैंड का निर्माण पूरा हो चुका है और रिकार्ड रुम भी नया बनकर तैयार हुआ है। डीएमएफ से राशि जारी होने के बाद महाविद्यालय की पुरानी तस्वीर अब बदलती नजर आ रही है।

**वर्तमान में चल रहे ट्रेड**

पाली आईटीआई में वर्तमान में कई ट्रेड चल रहे हैं जिनमें इलेक्ट्रिकल, फीटर, डीजल मैकेनिक, कोपा प्रमुखता से शामिल है। केवल माइनिंग मेंटनेंस का ट्रेड नहीं चल रहा है इसके लिए पूर्ववर्ती सरकार ने माइनिंग पॉलीटेक्निक कॉलेज खोलने की घोषणा की थी लेकिन उक्त कॉलेज शुरु नहीं होने पर आईटीआई में ही माइनिंग मेंटनेंस का ट्रेड शुरु करने की भी योजना बनाई गई थी लेकिन इसकी स्वीकृति अभी नहीं मिल सकी है।

## ग्रामीण के घर घुसा दंतैल, दो बकरियों को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज के परला बिट में सक्रिय 53 हाथियों के झुण्ड में से 10 हाथी बीती रात झुंड से अलग होकर जटगा रेंज के करगामार गांव पहुंच गए। यहां पहुंचते ही एक दंतैल हाथी झुंड से बिछड़ गया और गांव की बस्ती में पहुंचकर गंभीर सिंह गोंड़ नामक ग्रामीण के घर में अचानक घुस गया। दंतैल के घुसते ही घर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर सिंह के परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह घर से बाहर भागे लेकिन गंभीर सिंह बुजुर्ग होने की वजह से भाग नहीं सका। इसकी जानकारी तत्काल हाथी ड्यूटी पर तैनात वन कर्मियों एवं हाथी मित्र दल के सदस्यों को दी गई जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर दंतैल से घिरे बुजुर्ग को घर से बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। बुजुर्ग को ले जाने के बाद हाथी ने अपना गुस्सा घर पर बंधे बकरियों पर उतारा और उसे पैरों तथा सूंड से कुचलकर मार डाला। सुबह होने पर वन अमले ने दस्तावेजी कार्यवाही की। हाथियों का उत्पात यहीं नहीं थमा बल्कि झुण्ड के अन्य हाथी खेतों में पहुंचकर वहां लगे फसल को मटियामेट कर दिए जिसका आंकलन वन अमला कर रहा है। इस बीच परला में बचे 43 हाथियों ने भी उत्पात मचाते हुए परला व आसपास के गांव में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। वहीं कोरबा वनमंडल के बालकोनगर रेंज में विचरण कर रहे 12 हाथियों के झुण्ड ने अब कटघोरा वनमंडल के एतमानगर रेंज का रूख कर लिया है।

### मेहनत की फसल पर पानी नहीं फिरा अब मिलेंगे उम्मीद के पूरे दाम

**कोरबा।** जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ वनांचल ग्राम पतुरियाडाँड़ में रहने वाले अधिकांश किसानों का जीवन खेती पर ही टिका है। पहाड़ी क्षेत्रों की तरह ऊबड़-खाबड़ जमीन, सिंचाई की स्थायी व्यवस्था का अभाव और बारिश पर निर्भरता-ये सभी चुनौतियाँ हर वर्ष किसानों की मेहनत की परीक्षा लेती हैं। फिर भी, यहाँ के किसान हिम्मत नहीं हारते। कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर वे हल चलाते हैं, बीज बोते हैं और उम्मीद की एक डोर के सहारे मौसम के भरोसे अपनी फसल सींचते हैं। इस वर्ष मौसम किसानों के लिए शुभ साबित हुआ। अच्छी बारिश ने उनकी मेहनत को फल दिया और खेतों में हरी-भरी धान की फसल लहलहाई।

# 6 ग्रामीणों के घर पर वन विभाग का छापा, 173 नग इमारती लकड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त बिलासपुर एवं वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कोरबा द्वारा वनमण्डल अंतर्गत वनों की सुरक्षा, वन्यप्राणियों के सुरक्षा, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन अवैध शिकार के प्रकरणों को रोकथाम की मुख्य प्राथमिकता दी गई है।

मुखबिरों से प्राप्त सूचना पर करतला परिक्षेत्र के वृत्त रामपुर के रामपुर वन परिसर में ग्राम जोगीपाली नवाडीह में 6 अपराधी प्रवृत्ति के ग्रामीणों के घर में उपवनमण्डलाधिकारी सूर्यकांत सोनी, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला, वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बालको, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी लेमरु एवं वनमण्डल के अन्य परिक्षेत्र में कार्यरत अन्य 70 वन अधिकारी के साथ 6 पृथक पृथक टीम का गठन किया गया। जिनके द्वारा धर्मेन्द्र चौहान, उपवनक्षेत्रपाल, नारंगी ईकाई कोरबा, सहनीराम राठिया, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी केराकछार, परिक्षेत्र पसरखेत, संजय केशकर, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी कुदमुरा, परिक्षेत्र कुदमुरा, कांति कुमार कंवर, उपवनक्षेत्रपाल, वृत्त वन अधिकारी बालको, परिक्षेत्र बालको, पवन सिंह कंवर, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी गढ़, परिक्षेत्र लेमरु, जितेन्द्र केशरवानी, वनपाल, वृत्त वन अधिकारी कोरकोमा, परिक्षेत्र कोरबा द्वारा सर्च वारंट की तामिली कर थाना प्रभारी करतला एवं उनके सबंधित अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा 7 घरों में वृहद तलाशी की कार्यवाही की गई। तलाशी में वृहद पैमाने पर मनाराम पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), गनपत पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), पण्डेवालाल पटेल पिता स्व. लल्लूराम पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह) भोला पटेल पिता स्व. सम्पत पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), अंकुश पटेल पिता स्व. दिलेश्वर पटेल, साकिन जोगीपाली (नवाडीह), गनेश्वर राठिया पित्ता स्व. भारत राठिया, साकिन जोगीपाली (नवाडीह) के घर एवं बाड़ी से खम्हार, साल एवं अन्य प्रजाति के ईमारती लगभग 173 नग 4.462 घ.मी., लगभग वनोपज को नियमानुसार जप्त किया गया है। जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये है।



कार्यवाही के दौरान उपस्थित वन विभाग की टीम।



जब्त लकड़ी।

## चौक चौराहों में बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं सवारी ऑटो




कोसाबाड़ी चौक में खड़े ऑटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर का शायद ही कोई प्रमुख चौक चौराहा होगा जहां बेतरतीब ढंग से सवारी ऑटो न खड़े हों। कोसाबाड़ी चौक से लेकर टीपी नगर चौक तक ऑटो वालों का अड्डा ही नजर आता है। यही कारण है कि चौक चौराहों में कई स्थानों पर इनकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वहीं जिनके उपर जाम से निपटने की जिम्मेदारी है वह खुद भी कभी कभी इस जाम में फंसे नजर आते हैं।

उप नगरीय क्षेत्रों से शहर में प्रवेश करने के दौरान आम लोगों को शहर की यातायात अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। जहां चौक चौराहों में सवारी लेने के लिए कहीं भी खड़े होने वाले ऑटो नजर आते हैं या फिर कोई बड़ा माल वाहक लोडिंग अनलोडिंग करते नजर आता है। या कोई चार पहिया वाहन वाला सड़क में गाड़ी खड़ा कर फुटपाथ में सामान खरीदता नजर आता हैं। यही नहीं हद तो तब हो जाती है जब ऑटो चालक शहर के प्रमुख सड़कों पर कही भी किसी भी समय आटो रोककर सवारी बिठाते या उतारते हैं। कमोबेश यही हालत बस वालों की भी है। यातायात समस्या की शुरुआत सुबह 9 बजे से शुरु होती है जो देर शाम तक बनी रहती है। यही कारण है कि आम लोग अब जाम से बचने के लिए अब शहर में मार्केटिंग करने के लिए दोपहर में आना शुरु कर दिये हैं। ठंड का मौसम होने की वजह से दोपहर के मार्केटिंग का चलन बढ़ चला है।

**इन चौक चौराहों पर दिखती है अव्यवस्था**

कोसाबाड़ी चौक शहर का प्रमुख चौक होने के कारण व्यस्त रहता है। मेन मार्केट और एक बड़ा निजी स्कूल तथा दो बड़े निजी अस्पताल होने की वजह से आम लोगों की आवाजाही चौबीसों घंटे बनी रहती है। इस चौक में स्कूली बच्चों के वाहन तथा आम सवारी गाड़ियां भी आवागमन करती है। छोटे बड़े वाहनों के अलावा जशपुर रांची जाने वाले बड़ी यात्री बसें भी इसी चौक से गुजरती है। ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिए न तो सिग्नल है और न ही ट्रैफिक के जवान।

## युवक पर चाकू से हमला, हालत नाजुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर में अध्ययन कर रहा एक युवक अपनी बहन की शादी समारोह में कोरबा आया था। इसी दौरान किसी काम से निकले उस युवक पर एक अन्य युवक के द्वारा गाली गलौच करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया गया। जिस पर आसपास के लोगों की मदद से डायल 112 के द्वारा जख्मी युवक को गंभीरावस्था में उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी अविनाश बिलासपुर में रहकर पढ़ाई करता है। वह अपनी बहन की शादी में बांकीमोंगरा आया हुआ था। अविनाश किसी काम से शक्ति चौक गया हुआ था वहां पर शराब के नशे में धुत्त युवक के द्वारा अविनाश के साथ गाली गलोच किया गया। जिस पर अविनाश के द्वारा कुछ नहीं किया गया। जिसके उपरांत युवक के द्वारा अविनाश के साथ गाली गलौच करते हुए उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। अविनाश की चीख पुकार सुनकर आसपास के राहगीरों द्वारा डायल 112 को फोन कर बुलाया गया। डायल 112 के माध्यम से जख्मी युवक को निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। शिकायत पर बांकीमोंगरा पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### युवती ने लगाई फांसी, मौत

**कोरबा।** मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत अमरैयापारा इलाके में 22 वर्षीय मधु सूर्यवंशी ने फांसी लगाकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली है। ससुर की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि मधु ने अरुण सूर्यवंशी से 1 वर्ष पहले लव मैरिज किया था और मानिकपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले अमरैयापारा क्षेत्र में निवास कर रही थी। शनिवार की सुबह 10:30 के आसपास परिजनों को मधु के द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के बारे में जानकारी हुई। गमछे के सहारे उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर मानिकपुर पुलिस चौकी से हेड कांस्टेबल मोहन साहू विवेचना के लिए यहां पहुंचे। उन्होंने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की गई है। मामला नव विवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ है इसलिए उसके परिजनों की उपस्थिति में ही आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### तुमान के पूर्व सरपंच व सचिव पर लगा आरोप

# तुमान पंचायत, सीसी रोड बनाए बिना ही निकाली गई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

जनपद पंचायत करतला के ग्राम तुमान में सीसी रोड का निर्माण किए बिना स्वीकृत राशि की अग्रिम राशि निकालने के बाद काम नहीं कराए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच और सचिव पर अनियमितता बरतने के आरोप लगे हैं।

दरअसल मामला है तुमान ग्राम पंचायत का है। जिसमें सीसी रोड निर्माण के लिए जिला खनिज न्यास मद से सत्र 2020-21 में ग्राम तुमान के प्राथमिक शाला से महेश राम खांडे घर तक सीसी रोड के लिए कुल राशि 9 लाख रुपए स्वीकृत हुआ जिसमें से 3 लाख 60 हजार रुपए अग्रिम राशि के रूप में तत्कालीन सरपंच व सचिव द्वारा प्रथम किस्त निकालकर निर्माण नहीं कराया गया। इस अग्रिम राशि से उनके द्वारा उक्त स्थान पर सीसी रोड निर्माण किया जाना था लेकिन आज पर्यन्त तक उक्त स्थान पर सीसी रोड निर्मित नहीं हुआ और सीसी रोड की अग्रिम राशि 3 लाख 60 हजार रुपए तत्कालीन सरपंच सचिव द्वारा गबन कर लिया गया। इतनी बड़ी राशि के हेरफेर का काम जनपद के अधिकारियों के संरक्षण बिना संभव नहीं हो सकता क्योंकि किसी भी निर्माण कार्य की सम्पूर्ण जानकारी जनपद कार्यालय में उपलब्ध होती तथा सारी प्रक्रिया जनपद से ही नियंत्रित होती है। अब सवाल उठता है कि जब तुमान सरपंच व सचिव के द्वारा अग्रिम राशि निकालकर सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो उनपर अभी तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं किया गया।




**कई कार्यों की अग्रिम राशि का हुआ है गबन**

पूर्व में भी खबर आई थी कि सरपंच व सचिव द्वारा तुमान हायर सेकंडरी विद्यालय में बालक बालिका शौचालय निर्माण की अग्रिम राशि गबन कर लिया गया था हरिभूमि अखबार में खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आई तब जाकर वर्तमान में तुमान हायर सेकंडरी स्कूल में उक्त बालक बालिका शौचालय का निर्माण कार्य पंचायत द्वारा प्रारम्भ कराया गया है।

**मामला पुराना है जांच करवाता हूं**

यह मामला काफी पुराना है। जानकारी में अब आया है। इस मामले की खोजबीन करवा कर जांच करवाएंगे।

\- **वैभव कौशिक,** सीईओ जनपद पंचायत करतला

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान





डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411